दिनांक 05, जून 2024

नवाब वाजिद अली शाह, प्राणि उद्यान, लखनऊ

प्रेस विज्ञप्ति

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ एवं इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 05.06.2024 को प्राणि उद्यान के 3डी ऑडियोटोरियम में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि श्री संजय श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्य जीव, उत्तर प्रदेश लखनऊ, विशिष्ट अतिथि श्री जयवीर मिश्र, मुख्य महाप्रबन्धक, इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड, सुश्री दीपाली पाण्डेय, महाप्रबन्धक (एच0आर0), इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड, डा0 उत्कर्ष शुक्ला, उप निदेशक नवाब वाजिद अली शाह, प्राणि उद्यान, लखनऊ, श्री दिनेश बडोला, क्षेत्रीय वनअधिकारी, प्राणि उद्यान, लखनऊ, श्रीमती नीना कुमार शिक्षा अधिकारी प्राणि उद्यान, लखनऊ एवं इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड के कर्मचारी एवं स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा प्राणि उद्यान परिसर के अन्दर पर्यावरण पर आधारित रैली निकाली गयी जिसे मुख्य अतिथि महोदय द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा प्राणि उद्यान में 5 पौधों का रोपण किया गया।

मुख्य अतिथि महोदय एवं अन्य अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्रीमती नीना कुमार, शिक्षा अधिकारी, प्राणि उद्यान, लखनऊ द्वारा आये अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण किस प्रकार स्वच्छ बनाया जाए एवं उससे होने वाले लाभों के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर **''भूमि बहाली, मरूस्थलीकरण और सूखा लचीलापन''** विषय पर आधारित एमिकस एकेडमी के छात्र/छात्राओं द्वारा एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसमें अनम जहाँ, अनुराग कुमार, निशा कश्यप, पंकज, सचिन, अब्दुल रजा, अनुराग सिंह, मोहिनी, पीहू दुबे, कुणाल और सुन्दरम द्वारा प्रतिभाग किया गया।

श्री जयवीर सिंह, मुख्य महाप्रबन्धक, इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि पर्यावरण दिवस मनाने हेतु प्राणि उद्यान, लखनऊ से अच्छा स्थान और नहीं हो सकता। इंडियन ऑलय कार्पोरेशन लिमिटेड इस देश की सबसे बड़ी कम्पनी है, जो अपनी कमाई का 2 प्रतिशत भाग सामाजिक कार्यों में खर्च करती है। उन्होंने कहा कि कहीं न कहीं हम भी जिम्मेदार है इस पर्यावरण प्रदूषण के लिए क्योंकि हमारा कार्य पेट्रोल, डीजल का कार्य है जिससे पर्यावरण को नुकसान होता है परन्तु हमारी कम्पनी पर्यावरण से सम्बन्धित कार्यों में बढ–चढ़कर हिस्सा लेती जिससे पर्यावरण को स्वच्छ बना रहे। उन्होंने कहा कि इंडियन ऑलय कार्पोरेशन लिमिटेड अब हाइड्रोजन का भी निर्माण कर रही है और आने वाले समय में अधिकतर वाहन हाइड्रोजन से ही चलेंगे जिससे पर्यावरण प्रदूषण काफी हद तक कम होगा और वातावरण स्वच्छ होगा। उन्होंने कहा हम अपने वाहनों को सिग्नल पर बन्द कर लें ताकि कम से कम 90 सेकेन्ड के लिए वाहन से होने वाला प्रदूषण कम होगा। हमारे माता–पिता, दादा–दादी ने जो हमे पर्यावरण दिया है उससे और अधिक स्वच्छ पर्यारण कर हमें अपने पीढ़ी को प्रदान करना है। इसके लिए वाहन का प्रयोग आवश्यकतानुसार ही करें, बिजली कम खर्च करें। अन्त में उन्होंने कहा कि इंडियन ऑलय कार्पोरेशन लिमिटेड पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त करने के लिए हमेशा वन विभाग, प्राणि उद्यान एवं अन्य सभी के साथ कदम से कदम मिलकर चलने के लिए हमेशा तैयार है।

मुख्य अतिथि श्री संजय श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्य जीव, उत्तर प्रदेश ने विश्व पर्यावरण दिवस की सभी शुभकामनायें देते कहा कि आज एमिकस एकेडमी के छात्र/छात्राओं द्वारा प्रस्तुत लघु नाटक का प्रस्तुतीकरण अत्यन्त मनोहरकारी, ज्ञानवर्धक एवं सराहनीय था। विश्व पर्यावरण की थीम **''भूमि बहाली, मरूस्थलीकरण और सूखा लचीलापन''** के बारे में विस्तृत जानकारी स्कूली बच्चों एवं उपस्थित व्यक्तियों को दी। उन्होंने कहा कि यह पृथ्वी हमारी नहीं है, यह धरोहर है हमारी आने वाली पीढ़ियों की और हमें इसे और अधिक बेहतर करके अपनी पीढ़ियों को सौंपना है। आज जलवायु परिवर्तन के कारण असमय अधिक गर्मी, अधिक सर्दी एवं अधिक बरसात होती है इस परिवर्तन को कम करने के लिए हमें पेड़–पौधे अधिक लगाने होंगे, बिजली कर्म खर्च करनी होगी, पेट्रोल–डीजल का कम उपयोग करना होगा। हमारी आने वाली पीढ़ियाँ हाइड्रोजन चालित वाहन ही चलायेंगे और इससे हमारा पर्यावरण कम प्रदूषित होगा। प्रदूषण को शून्य करने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़–पौधे लगाने होंगे और यही एक मात्र तरीका है पर्यावरण को शुद्ध करने के लिए। वन विभाग द्वारा माह जुलाई से वृक्षारोपण प्रारम्भ होगा। वन विभाग के साथ प्रदेश के अन्य विभाग एवं स्कूल, कॉलेज के साथ–साथ व्यक्तिगत रूप से सभी प्रदेशवासियों को पेड़–पौधे लगाने चाहिए जिससे हमारा पर्यावरण स्वच्छ व सुन्छर हो सके। पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करने के लिए नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ एंव इंडियन ऑयल कार्पोरेशन को धन्यवाद दिया।

मुख्य अतिथि महोदय एवं अन्य अतिथियों द्वारा पर्यावरण पर आधारित लघु नाटिका का मंचन करने वाले छात्र/छात्राओं को मेडल देकर उत्साहवर्धन किया गया।

झोला मैन के नाम से मशहूर श्री अजीत प्रताप सिंह द्वारा सभी झोला देकर पॉलीथीन प्रयोग न करने हेतु जागरूक किया। उन्होंने कहा कि वह निःशुल्क झोला वितरित करते हैं।

मुख्य अतिथि एंव अन्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह् देकर सम्मानित किया गया।

श्री बी0एल0 पाल, सीनियर मैनेजर (एच0आर0), इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा सभी अतिथियों एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारियों एवं स्कूली बच्चों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

(–ह0–)
निदेशक
नवाब वाजिद अली शाह
प्राणि उद्यान, लखनऊ